**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**सचिका सं0 – 03 / भू0अ0नि0(05)–अपील –05 / 2023** 4302 **दिनांक** 05/06/2023

# आदेश

प्रस्तुत अपील "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी मो0 हिफ्जुल्लाह (EMP ID –AEN03144) पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश संख्या 4713 दिनांक 23.12.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

अपीलार्थी मो0 हिफ्जुल्लाह को अपील की निर्धारित तिथि की सूचना ईमेल द्वारा दी गई है। निर्धारित तिथि को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा अपीलार्थी के अपील पर अपना मंतव्य दाखिल किया गया। उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी का कथन है कि बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी के पत्रांक 851 दिनांक 13.09.2022 द्वारा मुझे समुदाय विशेष को फायदा पहुँचाने की नीयत रखने तथा अवैध राशि का लेन देन के आरोप में संविदा नियोजन समाप्त करने की अनुशंसा की गई है। उक्त पत्र के आलोक में निदेशालय पत्रांक 3063 दिनांक 01.11.2022 द्वारा मुझसे स्पष्टीकरण की मांग की गई। मैं दिनांक 04.11.2022 को स्पष्टीकरण समर्पित किया। मो0 हिफ्जुल्लाह ने स्पष्टीकरण में अंकित किया हे कि मेरे उपर लगाया गया सभी आरोप सुनियोजित एवं सोची समझी साजिश है।

स्पष्टीकरण पर बन्दोबस्त पदाधिकारी सीतामढ़ी से मंतव्य की मांग की गई। बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी से प्राप्त अनुशंसा एवं मंतव्य के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली 2019 के नियम 8(4) में वर्णित प्रावधान के तहत निदेशालय ज्ञापांक 1713 दिनांक 23.12.2022 द्वारा बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित मेरे संविदा को रद्द कर दिया गया है।

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना ने अपने मंतव्य में स्पष्ट किया है कि बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी के पत्रांक 851 दिनांक 13.09.2022 द्वारा मो0 हिफ्जुल्लाह (EMP Id- AEN03144) विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध समुदाय विशेष को फायदा पहूँचाने की नीयत रखने तथा अवैध राशि का लेन देन का आरोप सत्य पाते हुए अपीलार्थी को सेवा मुक्त करने की अनुशंसा की है।

निदेशालय पत्रांक 3063 दिनांक 01.11.2022 द्वारा मो0 हिफ्जुल्लाह से उनके विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप पर स्पष्टीकरण की मांग की गई। मो0 हिफ्जुल्लाह से प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 4005 दिनांक 09.11.2022 द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी सीतामढ़ी से प्रतिवेदन / मंतव्य की मांग की गई। बन्दोबस्त पदाधिकारी सीतामढ़ी द्वारा अपने पत्रांक 1259 दिनांक 18.11.2022 द्वारा प्रतिवेदित आरोप में अंकित किया गया है कि आरोपी का आम रैयतो के बीच छवि निष्पक्ष नहीं है एवं रिश्वतखोरी के साक्ष्य को नकारने के लिए जिस तर्क का सहारा लिया गया है उस संदर्भ में कोई ठोस साक्ष्य नहीं दिया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी सीतामढ़ी के पत्रांक 851 दिनांक 13.09.2022 के द्वारा प्रेषित अनुशंसा एवं संचिका में रक्षित साक्ष्यो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मो0

हिफ्जुल्लाह द्वारा किए गए कृत्य की पुनरावृति अन्य कर्मियों द्वारा न की जाय को दृष्टिगत रखते हुए मो0 हिफ्जुल्लाह द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया गया तथा उक्त के आलोक में ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम 8(4)'' में वर्णित प्रावधान के तहत मो0 हिफ्जुल्लाह (EMP ID AEN 03144) विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा रद्द किया गया है।

उभयपक्षों को सुनने तथा अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मो0 हिफ्जुल्लाह पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन ने सर्वेक्षण कार्यो के लिए समुदाय विशेष को फायदा पहूँचाने की नियत रखने, रैयतों को गलत ढंग से आरोप–प्रत्यारोप लगवाकर माहौल बिगाड़ने एवं रैयतों से राशि वसूली का आरोप सत्य प्रतीत होता है।

अतः निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार पटना के आदेश सं0 1713 दिनांक 23.12.2022 में किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। आवेदक मो0 हिफ्जुल्लाह (EMP ID- AEN03144) पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन के अपील को अस्वीकृत किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0 / –

**अपर मुख्य सचिव**

**–सह–**

**अपीलीय प्राधिकार**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(05)–अपील –05 / 2023...4702...पटना, दिनांक 05/06/2023

प्रतिलिपि : मो0 हिफ्जुल्लाह (EMP ID –AEN03144) पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, सीतामढ़ी, e-Mail Id- hiffj786@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

5/6/23

**(अनिल कुमार सिंह)**

सहायक निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

बिहार, पटना

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(05)–अपील –05 / 2023...4702...पटना, दिनांक :05/06/2023

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0) सीतामढ़ी, को सूचनार्थ प्रेषित।

5/6/23

**सहायक निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(05)–अपील –05 / 2023...4702...पटना, दिनांक 05/06/2023

प्रतिलिपि : संबंधित स्थापना, सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5/6/23

**सहायक निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(05)–अपील –05 / 2023 4702 पटना, दिनांक 05/06/2023

प्रतिलिपि : निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5/6/23

**सहायक निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(05)–अपील –05 / 2023 4702 पटना, दिनांक 05/06/2023

प्रतिलिपि : श्रीमति सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5/6/23

**सहायक निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप